सुमेधानन्द सरस्वती
संसद सदस्य (लोक सभा)
सीकर (राजस्थान)

सत्यमेव जयते

सदस्य
- रेल संबंधी स्थाई समिति
- आचार संबंधी स्थाई समिति
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति
- संस्कृति मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति

कमांक: 241 /22/नई दिल्ली   दिनांक 21/2/2021

श्रीमान नरेन्द्र जी

DRM महोदय

उत्तर पश्चिम रेलवें, जयपुर (राज.)

<u>विषय :– दिनांक 25 फरवरी 2022 को आयोजित मिटिंग के लिए लोकसभा क्षेत्र सीकर की रेलवें से संबंधित मांगों के संबंध में ।</u>

महोदय मेरे निर्वाचन क्षेत्र की रेलवे से सम्बन्धित निम्नलिखित समस्यायें एवं मांग हैं, जो समाधान हेतु प्रेषित हैं।

1. जयपुर–दिल्ली सराय रोला वाया सीकर रेलमार्ग पर गाड़ी संख्या– 14021/14022 (सैनिक ऐक्सप्रेस) को नियमित रुप से प्रतिदिन चलाया जावें।
2. सीकर में पिट/सर्विस स्टेशन बनाया जावें।
3. मीटर गेज के समय अरावली एक्सप्रेस दिल्ली –अहमदाबाद वाया रिंगस चला करती थी, इसे पुनः वाया सीकर–रिंगस होकर चलाया जावें।
4. मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर के हजारों मजदुर,किसान,विधार्थी और व्यापारी नियमित रूप से सीकर–जयपुर के बीच यात्रा करते है। इनके लिए सीकर–जयपुर के मध्य सुबह–सांयकाल डेमो/मेमों ट्रेने चलाया जावें।
5. मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर के चौमु, गोविन्दगढ़, पलसाना एवं लक्ष्मणगढ़ स्टेशनों पर मीटर गेज के समय अनेक ट्रेनों का स्टोपेच था,लेकिन अब इन स्टेशनों पर अनेक ट्रेनों का स्टोपेच नहीं हैं। अतः इन स्टेशनों पर लंबी और छोटी दूरी की गाड़ियों का स्टोपेच करवाने का कष्ट करें। इन स्टेशनों पर बुकिंग सिस्टम भी चालु करवायें।
6. 14055/56 ब्रह्मपुत्र मेल को दिल्ली से जयपुर तक, वाया सीकर चलाया जाये।
7. जयपुर से रेवाड़ी तक वाया श्रीमाधोपुर–नीमकाथाना सुबह–शाम नियमित ट्रेने चलाई जावे।
8. शेखावाटी में सीकर जिला धार्मिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है। भारत में पूर्वोत्तर (कामाख्या देवी मन्दिर) भी धार्मिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपर्ण स्थान है अगर देश के यें दोनों स्थान सीधे ट्रेनों के माध्यम से जुड़ते है तो दोनों स्थानों के श्रृद्वालुओं एवं व्यापारियों को काफी फायदा होगा।
9. अजमेर–हरिद्वार वाया सीकर–रींगस नई ट्रेन चलायी जावें।
10. मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर में खाटुश्यामजी और सालासर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थित है,जहां लाखों यात्री वर्ष भर आते रहते है। इन स्थानों का सर्वे का कराकर वहां तक नई रेल लाईन डलवाने का कष्ट करें।

@BKIJUNCTION

स्थाई निवास : वैदिक आश्रम, पिपराली, सीकर, राजस्थान, फोन : 01572-226300, 259000
दिल्ली निवास : 01, हरीशचंद्र माथुर लेन, नई दिल्ली–110001, फोन : 011-23314748
मो. : 09013869341, 09928470131 ई–मेल : sss.piprali@gmail.com, sumedhanand.s@sansad.nic.in

Scanned with CamScanner

सुमेधानन्द सरस्वती
संसद सदस्य (लोक सभा)
सीकर (राजस्थान)

सत्यमेव जयते

सदस्य
- रेल संबंधी स्थाई समिति
- आचार संबंधी स्थाई समिति
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति
- संस्कृति मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति

11. रींगस स्टेशन पर गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान हेतु ट्रेनों की सिंगलिंग व्यवस्था को पुनः जांच करावे।
12. जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12065 एवं 12066का स्टोपेच श्रीमाधोपुर स्टेशन पर किया जाये तथा एवं पलसाना और श्रीमाधोपुर स्टेशन पर रिजर्वेशन खिड़की खुलवाई जायें। तथा पार्सल बुकिंग ऑफिस एवं ए श्रेणी का वेटिंग रूम बनाया जावें।
13. जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12065 एवं 12066का स्टोपेच श्रीमाधोपुर स्टेशन पर किया जाये तथा एवं पलसाना और श्रीमाधोपुर स्टेशन पर रिजर्वेशन खिड़की खुलवाई जायें। तथा पार्सल बुकिंग ऑफिस एवं ए श्रेणी का वेटिंग रूम बनाया जावें।
14. गोरियाँ, धार्मिक स्तर का स्टेशन है यहाँ जीणमाता के दर्शन करने दूर दराज से हजारों की संख्या में भक्तजन आते है, इसे ब्लॉक स्टेशन रखने के साथ–साथ सुविधाएँ बढ़ाई जावें।
15. लक्ष्मणगढ़ और श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर पहले टिकट आरक्षण का कार्य होता था, जिसे अब बन्द कर दिया गया, उसे पुनः चालू किया जावें।
16. इन्दौर–बीकानेर वाया सीकर एवं सीकर–गंगानगर ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों का ठहराव पलसाना एवं लक्ष्मणगढ़ स्टेशनों पर किया जाये।
17. सीकर–चुरू रेलवें फाटक संख्या–1 तथा फाटक संख्या –2(जगमालपुरा फाटक) के मध्य अण्डर पास बनाया जावें।
18. मावण्डा,तह–नीमकाथाना(सीकर) में रेलवें फाटक एल.सी. नं.–72 को खुला अथवा अण्डरपास बनवाने बाबत।
19. रींगस–रेवाड़ी रेल मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक न0 98 सी., पोलादास फाटक 97 सी. से कालिया हनुमान फाटक के मध्य अण्डरपास बनाया जावें।
20. विभिन्न अण्डरपासों में पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान किया जावें।

21. लक्ष्मणगढ़ में बगड़िया बाल निकेतन स्कूल के पास फुट ओवर ब्रिज बनाया जाये। क्योंकि इस विद्यालय में लगभग 1000 छात्र अध्ययनरत है ब्रिज नहीं होने पर उन्हे करीब 3 किमी. पैदल चलकर आना पड़ता है ऐसी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

22. रींगस शहर में फाटक संख्या 108 पर आरओबी बनने से फाटक बंद हो गया है, जिससे शहर के पश्चिम दिशा में बसे वार्ड वासियों को किसी की मृत्यु होने पर शव यात्रा भी 5 किलोमीटर चक्कर लगाकर भैरूजी शमशान घाट पर जा पाती है। इसके अलावा किसानों के बीमार पशुओं को अस्पताल में ले जाने में काफी परेशानी होती है। कालेज के छात्र–छात्राओं को पुलिया पार करके आना जाना पड़ता, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अगर अंडरपास बन जाए तो इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है।

भवदीय

सुमेधानन्द सरस्वती

(सुमेधानन्द सरस्वती)

स्थाई निवास : वैदिक आश्रम, पिपराली, सीकर, राजस्थान, फोन : 01572-226300, 259000
दिल्ली निवास : 01, हरीशचंद्र माथुर लेन, नई दिल्ली–110001, **फोन :** 011-23314748
मो. : 09013869341, 09928470131 **ई-मेल :** sss.piprali@gmail.com, sumedhanand.s@sansad.nic.in

@BKJUNCTION

Scanned with CamScanner